# विकास भारती पब्लिक स्कूल
## वार्षिक परीक्षा (2024-25)
### कक्षा : सातवीं
### विषय : हिंदी
### अभ्यास–पत्र

**समयावधि – 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक – 60**

......................................................................................................................................

**नोट–1. सुंदर व स्पष्ट लेख लिखिए।**
**2. प्रश्नपत्र में कुल 4 खंड, 3 मुद्रित पृष्ठ तथा 11 प्रश्न हैं।**
**3. सही प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए।**
**4. अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर लिखने पर अंक नहीं दिए जाएँगे।**
**5. वैकल्पिक प्रश्नों में विकल्प संख्या सहित उत्तर भी लिखें अन्यथा अंक नहीं दिए जाएँगे।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खंड – (क) पठन–कौशल** | |
| **प्रश्न 1** | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।** | |
| | | मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार–शक्ति। मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्क शक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने विचारों की नींव पर ही आज मनुष्य ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब श्रेष्ठ विचारों का अभाव रहता है तो उसका यह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवीय बुद्धि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवीय साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार–शक्ति, जो उसे पशु बनने से रोकती है उसका साथ देती है। | |
| | क) | **'महल' शब्द संज्ञा का कौन–सा भेद है?**<br>1) जातिवाचक 2) व्यक्तिवाचक 3) भाववाचक | 1 |
| | ख) | **मानव जीवन को अन्य जीवधारियों से कौन अलग बनाता हैं?**<br>1) गुरु 2) शैतान 3) विचार–शक्ति | 1 |
| | ग) | **'हिंसा' का विलोम शब्द स्वयं लिखिए।** | 1 |
| | घ) | **श्रेष्ठ विचारों के अभाव से मनुष्य को किस प्रकार का नुकसान होता है? स्पष्ट कीजिए।** | 2 |
| | | **खंड – (ख) व्याकरण** | |
| **प्रश्न 2** | | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** | |
| | क) | **'अल्प' का उचित विलोम शब्द चुनिए।**<br>1) अधिक 2) दीर्घ 3) विकल्प | 1 |
| | ख) | **जिसे जीता न जा सके, वह ........... कहलाता है।**<br>1) विजेय 2) अजेय 3) अपराजेय | 1 |
| | ग) | **'सोना' शब्द का अनुचित पर्यायवाची चुनिए।**<br>1) हेम 2) कचन 3) स्वर्ण | 1 |
| | घ) | **'पद' शब्द का उचित अनेकार्थक शब्द चुनिए।**<br>1) पक्षी 2) औहदा 3) शब्द | 1 |
| | ङ) | **जो सोता है, वो खोता है।** (इस वाक्य में रेखांकित सर्वनाम शब्दों का उचित भेद चुनिए)<br>1) निश्चयवाचक 2) संबंधवाचक 3) निजवाचक | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | च) | **तुम कहाँ घूम रहे हो<u>?</u>** (इस वाक्य में रेखांकित विराम चिह्न का उचित भेद चुनिए)<br>1) पूर्णविराम 2) कोष्ठक 3) प्रश्नवाचक | **1** |
| | छ) | **उचित शब्द चुनकर लिखिए –**<br>............ की चाल में एक अजीब–सी ............ थी। (तरंग / तुरंग) | **1** |
| | ज) | **'बेईमान' शब्द में लगा उचित उपसर्ग चुनिए।**<br>1) बेई 2) बे 3) मान | **1** |
| | झ) | **'मित्र' शब्द का उचित पर्यायवाची चुनिए।**<br>1) मीत 2) मित 3) दोसत | **1** |
| | ञ) | **'अपमानित' शब्द में लगे उचित उपसर्ग व प्रत्यय है –**<br>1) अपमान / इत 2) मान / ईत 3) अप / इत | **1** |
| **प्रश्न 3** | | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** | |
| | क) | **कारक शब्दों को रेखांकित कीजिए –** मुदित ने मोहन के लिए उपहार खरीदा। | **1** |
| | ख) | **समास विग्रह करके भेद लिखिए – मालगाड़ी** | **1** |
| | ग) | **लिखे हुए शब्द से विशेषण शब्द बनाइए –** दया | **1** |
| | घ) | **यदि तुम परिश्रम करते, तो सफल अवश्य होते।** (काल के भेद की पहचान कीजिए) | **1** |
| | ङ) | **संधि विच्छेद कीजिए** – जलौध | **1** |
| | च) | **लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए** – डूबते को तिनके का सहारा | **2** |
| | छ) | **मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए** – टेढ़ी खीर | **2** |
| | ज) | **तुम लगातार बोलते रहते हो।** (इस वाक्य में क्रियाविशेषण शब्द को रेखांकित करके भेद लिखिए) | **2** |
| | झ) | **हिमालय बस से घर <u>जा रहा है।</u>** (इस वाक्य में रेखांकित पद के कोई दो परिचय लिखिए) | **2** |
| | ञ) | **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> रिक्त स्थानों की पूर्ति निर्देशानुसार कीजिए।**<br>**1) ............ पुस्तकें पढ़ने से कुछ नही होता, जीवन में व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक होता है। (निपात)**<br>**2) तुम पढ़ लो ............ बहुत पिटोगे। (समुच्चयबोधक)**<br>**3) मेरा घर तालाब ............ है। (संबंधबोधक)**<br>**4) जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध करवाए,उसे ........... कहते हैं।** | **2** |
| | | **खंड – (ग) वसंत** | |
| **प्रश्न 4** | | **अर्थ लिखिए – क)** महारत **ख)** मायूसी | **2** |
| **प्रश्न 5** | | **वाक्य बनाइए – क)** चौका **ख)** दही | **2** |
| **प्रश्न 6** | | **किसने कहा, किससे कहा?**<br>"सफलता का आपके लिए क्या महत्त्व है?" | **2** |
| **प्रश्न 7** | | **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर <u>एक से दो वाक्यों</u> में लिखिए।** | **1x3=3** |
| | क) | मोर–मोरनी के बच्चों को लेखिका ने किससे खरीदा? | |
| | ख) | एक तिनका कविता के कवि का नाम लिखिए। | |
| | ग) | मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा? | |
| | घ) | सोनपुर का मेला किस कारण से विख्यात था? | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| **प्रश्न 8** | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। (30 से 40 शब्दों में)** | **2x3=6** |
| | **क)** | 'आश्रम का अनुमानित व्यय' पाठ के लेखक कौन है और उन्होंने खेती के लिए कितनी ज़मीन का अनुमान लगाया? | |
| | **ख)** | धनराज पिल्लै ने अपनी जूनियर राष्ट्रीय हॉकी कब और कहाँ खेली? | |
| | **ग)** | पाठ 'भोर और बरखा' के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए। | |
| | **घ)** | पाठ 'वीर कुँवर सिंह' में कुँवर सिंह के पिता का क्या नाम था और वे कैसे व्यक्ति थे? | |
| | | **खंड – (घ) रचना–कौशल** | |
| **प्रश्न 9** | | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लिखिए।** | **5** |
| | **क)** | **किसी कंपनी की चॉकलेट का रंगीन व सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए।** | |
| | **ख)** | **अपनी बहन की शादी में अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए दोनों के मध्य हुए 5–5 संवाद लिखिए।** | |
| **प्रश्न 10** | | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** | **5** |
| | **क)** | अपनी कक्षा की खिड़की के टूटे हुए शीशे की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए। | |
| | **ख)** | अपने क्षेत्र के पार्क की खराब हालत की समस्या की शिकायत करते हुए नगर निगम के मुख्य अधिकारी को पत्र लिखिए। | |
| **प्रश्न 11** | **क)** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लिखिए।**<br>**नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 120–150 शब्दों में कीजिए।** | **5** |
| | | 1.   | |
| | **ख)** | **'नैतिक मूल्यों का महत्त्व' पर 120–150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |
| | | | |

=================